53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.8 °c
अधिकतम 32.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:25, सूर्यास्त - 7:22 | वर्ष : 53/ अंक : 186 | सोमवार, 07 जुलाई 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

गलत सोच और गलत अंदाजा इंसान को हर रिश्ते से गुमराह कर देते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

प्रधानमन्त्री विदेश दौरों में व्यस्त हैं और छत्तीसगढ़ की जनता समस्याओं से जूझ रही है : सचिन पायलेट



जनता तो छोड़िये.... उन्हें बेरोजगार नेताओं तक का ख़्याल नहीं है.....

# श्री वीर बालाजी पेपर मिल में ड्रायर फटने से एक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 6 जुलाई (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड पर उस समय दहशत का माहौल व्याप्त हो गया जब सुबह 4 बजे जोरदार धमाके की आवाज से क्षेत्र के लोग उठ गए। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड स्थित श्री वीर बालाजी पेपर मिल में सुबह 4 बजे के समय ब्वायलर के ड्रायर पर कर्मचारी काम कर रहे थे, जिसमें नाइट शिफ्ट में अंकित शर्मा निवासी शेर नगर, प्रवेश निवासी भोपा, जोनी निवासी सिखरेड़ा, भानू निवासी तिगरी, निखिल निवासी रसूलपुर आदि मौजूद थे। धमाके के बाद शेर नगर निवासी शिफ्ट इंचार्ज अंकित शर्मा की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसा इतना भयावह था कि इसमें अंकित कोयले की तरह काला हो गया था, जबकि अन्य सभी कर्मचारी घायल हो गए थे। ब्वायलर के ड्रायर के फटने की सूचना पर ग्रामीण व पुलिस मौके पर पहुंची और आनन-फानन में घायलों को उपचार के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पेपर मिल स्वामी अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि घायलों का उपचार आनन्द हॉस्पिटल में उनके खर्चे पर कराया गया है। उपचार के बाद सभी घायल सकुशल अपने घर भेज दिये गए। अंकित शर्मा के परिजनों ने मिल में ही घंटों हंगामा काटा और भाकियू तोमर के पदाधिकारियों को भी मौके पर बुला लिया। मगर मिल प्रबंधन ने पहले से ही अंकित शर्मा के परिजनों को मुआवजे का चेक देने की घोषणा कर दी थी। आपको बता दें कि अंकित अपने पीछे अपनी पत्नी वंदना और दो बच्चों को छोड़ गया है। उक्त हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है, क्योंकि अंकित की उम्र अभी मात्र 30 वर्ष ही बताई गयी है।











## मिल प्रबंधन ने मृतक परिवार को दिया उचित मुआवजा

### घायलों को इलाज के बाद दी गई निजी अस्पताल से छुट्टी

मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.) नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड स्थित श्री वीर बालाजी पेपर मिल में ड्रायर फटने से वहां काम कर रहे शिफ्ट इंचार्ज अंकित शर्मा की दुर्घटना में मौत हो जाने व चार कर्मचारी घायल हो जाने के मामले में देर सायं मृतक अंकित शर्मा की धर्मपत्नी को पेपर मिल प्रबंधन की ओर से मुआवजा दे दिया गया। साथ ही घायल 4 लोगों का इलाज कराने के बाद उन्हें घर भेज दिया। इस संबंध में पेपर मिल प्रबंधन ने बताया कि मृतक अंकित शर्मा की पत्नी वंदना को मुआवजा दिया गया। इस दौरान सपा नेता राकेश शर्मा समेत मृतक शिफ्ट इंचार्ज अंकित शर्मा के परिजन व ग्रामीण पेपर मिल में मौजूद रहे।

## सीमेंट की फैक्ट्री में हुए हादसे में युवक की मौत

**चरथावल, 06 जुलाई (बु.)।** थानाक्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी निवासी एक युवक की राजस्थान के जिला भिवाड़ी के बहरोड़ में सीमेंट फैक्ट्री में हुए हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद शव के गांव में पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। गमगीम माहौल में मृतक को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी निवासी मोहसिन पुत्र अकबर राजस्थान राज्य के जिला भिवाड़ी के बहरोड़ में एक सीमेंट फैक्ट्री में कार्य करने के लिए गया हुआ था। फैक्ट्री में हुए अचानक हादसें में मोहसिन की दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तथा कागजी कार्यवाही कर मृतक के शव को गांव ले आए। हादसे के बाद शव के गांव में पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया।





# तालाब में नहाने गये किशोर की डूबने से मौत

## परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा

**बुढ़ाना, 6 जुलाई (बु.)।** तालाब में नहाने गये एक किशोर की डूबने से मौत हो गयी। घटना को लेकर परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरालसी निवासी सेवाराम वाल्मीकि का 15 वर्षीय पुत्र सोनू रविवार की सुबह घर से निकला था। परिजनों को ये ही आभास था कि वह आ जाएगा। उधर गांव के कुछ युवकों ने गांव में स्थित एक तालाब में एक किशोर का शव तैरते हुए देखा, तो उसने शोर मचाकर आसपास के लोगों को मौके पर बुला लिया। गांव के कुछ युवकों ने तालाब के अंदर जाकर शव को बाहर निकाला तो किशोर की पहचान सोनू वाल्मिकी के रूप में हुई, तो इसकी सूचना मृतक सोनू के परिजनों को मिली तो कुछ ही देर में मृतक किशोर सोनू के परिजन रोते-बिलखते हुए मौके पर आ गये और अपने पुत्र सोनू की शिनाख्त की। अनुमान के मुताबिक उक्त किशोर तालाब में शायद अकेला ही नहा रहा था कि वह डूब गया। किशोर की चप्पलें तालाब के किनारे से मिली हैं। इस घटना की सूचना पर गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के इंचार्ज ललित कसाना, एसएसआई ललित कुमार शर्मा, क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह, कोतवाल आनंद देव मिश्र और सीओ गजेंद्र पाल सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के परिजनों और ग्रामीणों से घटना के संबंध में जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर गांव में शोक व्याप्त है।



## गाजीपुर में दर्दनाक सड़क हादसा; कार ने बाइक में मारी टक्कर, तीन की मौत

**गाजीपुर, 06 जुलाई (एजेंसी)।** यूपी के गाजीपुर में रविवार सुबह एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के वाराणसी-गोरखपुर नेशनल हाईवे पर रसूलपुर गांव के पास रविवार सुबह मऊ के वनदेवी धाम से दर्शन कर लौट रहे बाइक सवार परिवार को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। चश्मदीदों के अनुसार, बाइक पर एक युवक, दो महिलाएं और एक बच्ची सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक कार में फंसकर करीब 100 मीटर दूर तक घिसटती चली गई, फिर अनियंत्रित होकर एक ट्रक से जा भिड़ गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक को हिरासत में लेते हुए घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

# नगर की सड़कों पर सीनाजनी कर जार-जार रोये शिया सोगवार

## ▶▶ कड़ी सुरक्षा के बीच में अलर्ट मोड़ पर रहा पुलिस प्रशासन

## ▶▶ काली नदी स्थित कर्बला में दफन किए गए ताजिए

**मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)।** रविवार में देशभर के साथ जनपद मुख्यालय एवं गांव देहात में गमगीन माहौल में पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद सल. के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलै. और उनके 72 जांनिसार साथियों की लश्करे यजीद द्वारा कर्बला में हुई शहादत के गम के बीच में यौमे आशूरा के दिन मोहर्रम का पर्व मनाया गया। इस कड़ी में रविवार को दसवीं मोहर्रम पर शिया सोगवारों ने ताजियादारी के साथ मातमी जुलूस निकाले और नम आंखों के साथ हजरत इमाम हुसैन की अपने नाना के दीन और इंसानियत को बचाने के लिए दी गई कुर्बानी के साथ शहीद-ए-कर्बला पर हुई जुल्म और ज्यादती को याद करते हुए जमकर आंसू बहाए। इस दौरान जुलूस में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

रविवार को यौमे आशूरा के मौके पर इस कड़ी में जनपद भर के साथ नगर क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व गमगीन माहौल में मनाया गया। इस दौरान शिया समुदाय के सोगवारों ने या हुसैन, या हुसैन की सदाओं के साथ विभिन्न मार्गों से मातमी जुलूस निकाले और बाद में कर्बला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश की। रविवार को बारिश के बीच ही शिया सोगवामर ने मातमपुर्सी की और हजरत इमाम हुसैन व उनकी जांनिसारों की शहादत पर आसमां भी रोता नजर आया। इससे पूर्व सुबह से इमामबाड़ों में मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया था। काली नदी पर स्थित कर्बला में इस दौरान मौलाना फसीह हैदर जैदी की ओर से रोजा ए आशूरा के आमाल अंजाम दिए गए। वहीं मोती महल इमामबाड़े में हुई बड़ी मजलिस में मौलाना ने तकरीर करते हुए कहा कि हजरत इमाम हुसैन अलै. ने अपने 72 जांनिसारों के साथ मिलकर इंसानियत और दीन की हिफाजत के लिए कर्बला के मैदान में शहादत दी। उन्होंने कहा कि यजीद आज इतिहास में गुमनाम है, लेकिन इमाम हुसैन का परचम कयामत तक बुलंद रहेगा।

इस दौरान नगर क्षेत्र में जगह-जगह जुलूस में जंजीरों व छुरियों से मातम कर सोगवारों ने अपने आप को लहूलुहान किया। इसके साथ फाके और नोहाख्वानी के साथ ही अजादारों ने शहीद-ए-कर्बला को याद किया। वहीं दूसरी ओर गली-कूचों में सबीलें लगाई गईं और घरों में न्याज व फातिहा के आयोजन किए गए। रविवार को मोहर्रम के दसवें दिन का मुख्य जुलूस मोती महल से निकला, जो कदीमी रास्तों से होते हुए सर्राफा बाजार चौक पहुंचा। यहां विभिन्न इमामबाड़ों से आए ताजिये, अलम के साथ जुलजुना एकजुट हुए। इस बीच हजारों की तादाद में शामिल रहे शिया सोगवार जुलूस में शामिल रहे। नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए शामली रोड श्री हनुमान चौक पर शिया सोगवारों ने एकजुट हो मातमी नोहाख्वानी और कमा का मातम भी किया। इसके बाद मातमी जुलूस काली नदी स्थित कर्बला पहुंचा, जहां ताजियों को दफन करने के साथ फाका शिकनी की गई। रविवार की शाम को इमामबाड़ा यादगारे हुसैनी में शाम-ए-गरीबा की मजलिस बरपा हुई। वहीं मोती महल से निकले मशाल जुलूस ने हाय सकीना,

शेष : पृष्ठ-4 पर





यही है बचपन ना टेंशन ना कोई गम। खुल्ला खाना नंगा नहाना।

# कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत, दूसरा घायल

**जानसठ, 06 जुलाई (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव कवाल के सामने ईट भट्टे के पास जानसठ की ओर से अपने घर लौट रहे बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार आ रही कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र के गांव चितौड़ा निवासी 19 वर्षीय रिंकू पुत्र विजयपाल अपने साथी अरुण पुत्र रिषिपाल के साथ शनिवार की शाम लगभग नौ बजे बाइक द्वारा जानसठ से अपने घर जा रहा था। गांव कवाल के सामने ईट भट्टे के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार रिंकू और अरुण गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों घायलों को सीएचसी जानसठ भिजवाया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्वजन रिंकू की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेरठ में स्थित नारायण अस्पताल ले गए, जहां पर उपचार के दौरान रविवार की सुबह लगभग 10 बजे रिंकू की मौत हो गई। मौत की सूचना पाकर स्वजन में कोहराम मच गया। कवाल चौकी प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था। कार चालक बाइक में टक्कर मार कर कार को छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्वजन ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस कार को कब्जे में लेकर थाने ले आई है। कार चालक की तलाश की जा रही है।




रीढ़ की हड्डी, जोड़ों का दर्द, कैंसर व नसों के दर्द के लिए ओपीडी

Fortis HOSPITAL NOIDA

दिल्ली के बहुप्रतिष्ठित पेन स्पेशलिस्ट से मिलें

डॉ. अनुराग अग्रवाल

MBBS (UCMS & GTB Hospital), MD (M.A.M.C.), DA (Safdarjung Hospital), FISNAC, FIPM, Trained in University of Birmingham, UK

एडिशनल डायरेक्टर - आपातकालीन चिकित्सा

न्यूरो - स्पाइन और दर्द विशेषज्ञ, फोर्टिस हॉस्पिटल, नोएडा

साप्ताहिक ओ.पी.डी.

दिनांक 08 जुलाई, 2025 (प्रत्येक मंगलवार)

आप बेहतर दवाईयों से अपने पुराने दर्द से राहत पायें।



परामर्श लें :

- स्लिप डिस्क
- रीढ़
- पीठ दर्द
- कंधे एवं जोड़ों का दर्द
- माइग्रेन
- लंबे समय तक सिरदर्द
- कैंसर का दर्द
- न्यूरोपैथी
- पुराना दर्द एवं मांसपेशियों का दर्द

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- 80761-88634,97172-36321

नेवी मेडिकल स्टोर, गली न0. 2, मेन रोड, सदर बाजार, मु० नगर

समय : प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक


## जीवनपुरी के जंगल में तेंदुए की दस्तक, ग्रामीणों में दहशत

**रामराज, 6 जुलाई (बु.)।** रामराज थाना क्षेत्र के गांव जीवनपुरी में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि दो दिनों में दो पालतू कुत्तों को तेंदुआ उठा ले गया है। गांव में ग्रामीण दहशत में जागकर रात गुजर रहे हैं। रामराज थाना क्षेत्र के गांव जीवनपुरी का जंगल राज्य वन्य जीव अभ्यारण्य क्षेत्र से मिला हुआ है और जिस कारण जंगली जानवर अक्सर गांव में घुस आते हैं। ग्रामीण देवेंद्र व मनोज के पालतू कुत्तों को कोई जंगली जानवर उठाकर ले गया है। दो दिन में दो पालतू कुत्तों के गायब होने से गांव के लोगों को जंगल में तेंदुआ होने की आशंका के चलते गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने जंगल में नील गाय के अवशेष भी देखे हैं, जिस कारण ग्रामीण भयभीत हैं। वन क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार का कहना है कि जंगल में तेंदुआ के पग मार्क की पहचान करने के लिए टीम को भेजा गया है। अभी तक तेंदुआ होने की पुष्टि नहीं हुई है, वन विभाग कर्मचारियों व स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया है।

# होटल ढाबों पर कर्मचारियों की पहचान उजागर करने पर हिन्दू संगठन के 17 कार्यकर्ताओं को तोहफे में मिला नोटिस

**मुजफ्फरनगर, 6 जुलाई (बु.)।** बघरा स्थित योग साधना आश्रम के महंत यशवीर महाराज की ओर से चलाई गयी होटल ढाबों पर चैकिंग का तोहफा हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं को मिल रहा है। अलग-अलग संगठनों के 17 कार्यकर्ताओं को यह तोहफा नोटिस के रूप में मिल चुका है। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत का कहना है कि 28 जून को बाईपास स्थित पंडित जी वैष्णो भोजनालय पर एक कर्मचारी की पैंट उतरवाने का प्रयास किया गया था। उक्त मामले में आधार कार्ड व नाम पता भी पूछे गए थे। नई मण्डी कोतवाली पुलिस ने पहले ही छह कार्यकर्ताओं को नोटिस दिया था। मगर अब शहर कोतवाली, थाना सिविल लाइन और नई मण्डी कोतवाली ने अब तक 17 कार्यकर्ताओं को नोटिस दिये हैं। नोटिस में स्पष्ट निर्देश दिये गए हैं कि इस तरह की चैकिंग से कानून व्यवस्था प्रभावित होती है। यदि उन्हें किसी प्रकार की शिकायत है तो पुलिस प्रशासन को इसकी शिकायत दें। स्वयं पुलिस ने ढाबा संचालकों को हिदायत दी कि वे भी अपना काम ईमानदारी से करें, यदि कोई व्यक्ति पहचान छिपाकर कार्य में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।



## नोटिस के विरोध में हिन्दू संगठन देंगे जवाब, करेंगे प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** हिन्दू संगठनों के 17 कार्यकर्ताओं पर प्रशासन द्वारा दिये गए नोटिस के बाद हिन्दू संगठनों ने कहा कि पहली बात तो प्रशासन झूठ बोल रहा है कि छह लोगों ने कोई माफीनामा प्रशासन को सौंपा है, यदि सौपा है तो वह जरूर दिखाये। हिन्दू संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस काम के लिए जेल तो चले जाएंगे मगर किसी भी सूरत में माफीनामा नहीं देंगे और जल्द ही हिन्दू संगठन सैकड़ों की संख्या में कचहरी परिसर में इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। यदि असामाजिक तत्वों ने फिर किसी ढाबे पर नाम बदलकर काम किया अथवा ढाबे का संचालन किया तो हिन्दू संगठन फिर एक बार उसका उपचार करने के लिए सड़कों पर उतरेंगे। प्रशासन जब चाहे उन्हें जेल भेज दे, इस बात की जरा भी परवाह नहीं है। मगर किसी भी प्रकार का यह भ्रम फैलाने का प्रयास न करे कि हिन्दू संगठनों द्वारा कोई माफीनामा दिया गया है।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

ब्राजील ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। यह बैठक ऐसे समय हो रही है, जब दो हफ़्ते पहले ही इजराइल और अमेरिका ने ब्रिक्स के नये सदस्य ईरान पर सीधे सैन्य हमले किए थे। पुतिन और शी जिनपिंग की गैर-मौजूदगी के साथ, ईरान के राष्ट्रपति भी इस बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं। कई और नेताओं के न आने के कारण ब्राजील और लातिन अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में रियो डी जेनेरियो में हो रही इस बैठक को 'कम भागीदारी वाली' और यहां तक कि 'खाली' बताया जा रहा है। ब्राजील की मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, ब्रिक्स के एक और अहम नये सदस्य मिस्र के राष्ट्रपति भी बैठक में मौजूद नहीं होंगे। ब्रिक्स के मुख्य सदस्य देशों में से भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ब्राजील पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ़्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के साथ नए सदस्य इंडोनेशिया के राष्ट्रपति इस बैठक में पहुंच गए हैं। ब्राजील और अन्य क्षेत्रीय विश्लेषकों का मानना है कि इतने नेताओं के न आने से वामपंथी मेजबान लूला डि सिल्वा की खुद को अंतरराष्ट्रीय नेता के तौर पर स्थापित करने की कोशिश प्रभावित हो सकती है। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ़्रीका जैसे इसके मुख्य सदस्य देशों और लातिन अमेरिका की वामपंथी राजनीति सहित इसके कई समर्थकों के बीच, 11 सदस्यीय ब्रिक्स को अब तक एक नयी 'बहुध्रुवीय' वैश्विक व्यवस्था का प्रतीक माना जाता रहा है। इसे अमेरिका और पश्चिमी देशों के दशकों पुराने प्रभुत्व से दुनिया को अलग दिशा में ले जाने वाला मंच माना गया, लेकिन 21 जून को अमेरिका ने ईरान पर जो हवाई हमले किए और उससे पहले इसराइल के लगातार बमबारी अभियान ने यह बात साफ कर दी कि ब्रिक्स इस समय नेटो जैसे किसी मजबूत आपसी रक्षा समझौते वाला गठबंधन नहीं है, बल्कि एक ढीले-ढाले और अस्पष्ट भू-राजनीतिक समूह जैसा ही है। ऐसे में इस सम्मेलन में भारतीय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति विशेष हो जाती है। ब्राजील के प्रमुख अखबार 'ओ एस्टादो दी साओ पाउलो' ने 4 जुलाई को एक रिपोर्ट में लिखा कि ब्रिक्स में बड़े नेताओं की गैर-मौजूदगी को ध्यान में रखते हुए लूला सरकार ने बैठक को संभालने की कोशिश की। पीएम मोदी की ब्राजील यात्रा को लेकर प्रवासी भारतीयों में वैसा ही गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है, जैसा हर देश में मिलता है। ब्राजील पहुंचने के बाद प्रधानमन्त्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, रियो-डी-जेनेरियो, ब्राजील पहुंच चुका हूं, जहां मैं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा। इसके बाद मैं राजधानी ब्रासीलिया जाऊंगा, जहां ब्राजील के राष्ट्रपति लूला के निमंत्रण पर राज्य स्तरीय दौरा करूंगा। इस यात्रा के दौरान मैं उपयोगी बैठकों और संवादों की आशा करता हूं। ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान प्रधानमन्त्री मोदी की कई वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय मुलाकातें होने की उम्मीद है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूती देना, आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाना, बहुपक्षीय सुधारों पर चर्चा करना और सदस्य देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना है। प्रधानमन्त्री मोदी की यह यात्रा भारत की वैश्विक भूमिका को और सशक्त करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। इस सम्मेलन के बाद प्रधानमन्त्री मोदी नामीबिया के लिए रवाना होंगे, जो उनके इस पांच देशों के विदेश दौरे का अंतिम चरण होगा। ब्राजील दुनिया का सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक देश है। यहां की उपजाऊ मिट्टी और जलवायु दोनों ही कॉफी उत्पादन के लिए बेहद उपयुक्त हैं। ब्राजील कॉफी के साथ ही गन्ना उत्पादन में भी दुनिया भर में अग्रणी देश है। ब्राजील में कॉफी उत्पादन बढ़ने के साथ ही गन्ने का निर्यात भी बढ़ता ही जा रहा है। ब्राजील में कई देशों के मुकाबले सबसे अधिक बेरोजगारी भी है। साल 2023 में ब्राजील में बेरोजगारी की दर 7.95 फीसदी थी, जबकि 2024 में यह थोड़ा घट कर 6.1 फीसदी पहुंच गई थी। साल 2023 में बेरोजगारी ने ब्राजील को दुनिया भर के देशों में 145वें पायदान पर खड़ा कर दिया था। ब्राजीली मीडिया रिपोर्टों ने खासतौर पर चीन के शी जिनपिंग की गैरमौजूदगी को रेखांकित किया है। ब्रिक्स नेताओं की सालाना शिखर बैठक में उनकी पहली अनुपस्थिति है। वैसे चीन में भी चीनी राष्ट्रपति को सार्वजनिक रूप से कम ही देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि चीनी नेता का नहीं आना रियो में शिखर बैठक के खालीपन के माहौल को और पुख़्ता करता है। हालांकि वेबसाइट जर्नल जीजीएन ने कुछ विश्लेषकों के हवाले से शी की अनुपस्थिति को ज्यादा अहमियत नहीं देने की बात कही। जीजीएन ने कहा,आखिरकार, चीन ब्राजील का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और ब्रिक्स देशों में बुनियादी ढांचे का अहम वित्तपोषक भी। इसके अलावा, चीन इस समूह के विस्तार का केंद्रीय किरदार भी रहा है। इस बैठक के सामने वैश्विक संस्थाओं में सुधार और पश्चिम एशिया व यूक्रेन के संघर्ष जैसे मुद्दों पर सहमति बनाने की चुनौती है। ब्राजील के दैनिक अखबार ओ ग्लोबो में बीजिंग से लिखे एक जुलाई के लेख में विश्लेषक मार्सेलो नीनियो ने लिखा, रियो बैठक में किसी अहम घोषणा की संभावना बेहद कम है-यह बात खुद इसमें शामिल लोगों ने बताई है। ब्राजील के मेजबान चाहते हैं कि बैठक में ब्रिक्स समूह के जरिए मलेरिया और तपेदिक जैसी वैश्विक बीमारियों से निपटने में सहयोग, 'क्लाइमेट पैकेज' तैयार करने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावों पर चर्चा जैसे मुद्दों पर बात हो। कई रिपोर्टों में ब्रिक्स की इस बैठक को 2025 में ब्राजील में होने वाले एक और बड़े अंतर्राष्ट्रीय आयोजन, संयुक्त राष्ट्र की जलवायु परिवर्तन पर कॉन्फ्रेंस 'कॉप 30' के लिए भूमिका की तरह पेश किया गया है, जो 10 से 21 नवंबर के बीच बेलेम शहर में होगी। ब्राजीली न्यूज वेबसाइट एग्जामे ने चार जुलाई को रिपोर्ट किया कि रियो में ब्रिक्स शिखर बैठक में इस बात की समीक्षा की जाएगी कि जलवायु परिवर्तन के अंतर्राष्ट्रीय प्रभावों से निपटने के लिए वित्तीय सहयोग में ब्रिक्स समूह और बड़ी भूमिका कैसे निभा सकता है। विश्लेषकों ने कहा है कि रियो सम्मेलन 'ऐतिहासिक' रहेगा क्योंकि यह पहली बार होगा, जब विस्तार के बाद बने 11 सदस्य देशों,पांच मूल सदस्य और छह नये देश, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया को एक साथ लाया जाएगा।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"केला" "तस्वीरें" "गम" "गरीब"

एक केला बांटते हो और तस्वीरें हजार,
बिन जताए दोस्तो अहसान करना चाहिये।
गम की चादर को लपेटे जी रहे असली गरीब,
उन गरीबों का भी अब उत्तथान करना चाहिये।

## नामदेव जन सेवा मंच ने किया मेधावियों को सम्मानित

### - हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं ग्रेजुएट छात्रों को किया प्रोत्साहित

मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)। श्री नामदेव जनसेवा मंच के मेधावी छात्र-छात्रा अलंकरण समारोह में जनपद के 19 हाई स्कूल, 12 इंटरमीडिएट एवं 9 डिग्री धारक मेधावियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद टांक एवं संचालन योगेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम में नरेश वर्मा, घनश्याम, सुखवीर सिंह, अरूण कुमार, अशोक गोत्रा, मनमोहन सप्पल, अभिषेक वर्मा ने पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में सुखबीर सिंह ने कहा कि बच्चों को प्रशासनिक सेवा में जाना चाहिए। अरूण कुमार ने कहा ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। अशोक गोत्रा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को मोटीवेशन मिलता है। नामदेव जन सेवा मंच के अध्यक्ष प्रमोद टांक ने कहा कि समाज के बच्चों ने कड़ी मेहनत करके जो उच्च अंक प्राप्त किए है, इससे उनके माता-पिता को तो प्रसन्नता हुई है उन्हें सम्मानित करके हम अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। बच्चों को शिक्षा के साथ समाज के कार्यों में हिस्सा लेते रहना चाहिए जैसे अमन नामदेव व वंश नामदेव ने शामली में एक चौक का नाम श्री नामदेव के नाम से कराया। मुजफ्फरनगर में भी किसी एक चौक का नाम श्री नामदेव के नाम पर कराने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मन्नू लाल नामदेव, अजय नामदेव, प्रदीप नामदेव, दिनेश नामदेव, मनोज नामदेव, संजय बिट्टू, विजय कुमार, संदीप नामदेव, चन्द्रलेखा, अनुज कुमार, लोकेश कुमार, संदीप गिरधर, प्रमोद आदि का सहयोग रहा।

## चांदपुर-मखियाली फैक्ट्री के धरने पर पहुंचे राकेश टिकैत



मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत चांदपुर मखियाली में किसानों द्वारा मैडिकल वेस्टेज फैक्ट्री के विरोध में चल रहे धरने पर पहुंचकर धरने पर किसानों को समर्थन किया। उन्होंने कहा कि जब से वो धरने पर आये हैं, तब से इन फैक्ट्रियों का धुआं रूकने का नाम नहीं ले रहा। उन्होंने कहा कि केवल एक फैक्ट्री का विरोध करने से काम नहीं चलेगा। इस क्षेत्र में प्रदूषण फैला रही सभी फैक्ट्रियों की जांच करने की जरुरत है। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि एक बार ये आवाज उठाई गयी थी तो प्रदूषण विभाग के अधिकारियों को खेत के आर पार जाने पर ही कपड़ों का रंग काला हो गया था, तो मेडिकल वेस्टेज फैक्ट्री पर 13 जिलों का चिकित्सीय कचरा एवं अपशिष्ट अवशेष आदि इकट्ठा होने से इस गांव समेत आसपास के क्षेत्र में बीमारियां फैलेंगी, वहीं यहां का पानी भी प्रदूषित होगा। ऐसे में ऐसी फैक्ट्री और कारखानों को लगाने की अनुमति प्रशासन को नहीं देनी चाहिए। इस दौरान भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी, धीरज लटियान, चौ. श्याम पाल, अशोक घटायन, चौ. शक्ति सिंह, सुमित चौधरी, देव अहलावत, गुलशन चौधरी, गुलबहार राव, हैप्पी बालियान, परमजीत चौधरी, नवीन, परविंदर, संजय चौधरी, संजय त्यागी, अनुज राठी, बॉबी राठी, आयुष चौधरी, अबरार अहमद आदि के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

## वक्फ संशोधन बिल पर कोर्ट पर हर वर्ग को विश्वास: खुर्शीद

### - कांग्रेस पदाधिकारियों के पद ग्रहण में पहुंचे सलमान खुर्शीद
### - उन्होंने कहा कि आतंकवाद को हर बात से नहीं जोड़ सकते




मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)। रविवार को महावीर चौक स्थित एक बैंकटहॉल में जिला एवं नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से पद ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी सदस्यों को पद ग्रहण कराते हुए मनोनयन पत्र बांटे और कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए पदाधिकारियों को धरातल पर कार्य किए जाने के प्रति संकल्प दिलाया। मीडिया से वार्ता के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस-सपा गंठबंधन अभी टूटा नहीं है, हमने मिलकर चुनाव लड़ा है और आगे भी जो पार्टी आला कमान का निर्णय होगा, उसके अनुरूप कार्य किया जाएगा। उन्होंने वक्फ संशोधन बिल पर कोर्ट के निर्णय और आतंकवादी घटनाओं पर एकजुट होकर सरकार के साथ खड़े रहने की बात स्वीकार की। जिला एवं शहर कांग्रेस कमैटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को कांग्रेस संगठन की नीतियों एवं संकल्पों के प्रति प्रतिबद्ध बनाने एवं पद ग्रहण के लिए आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा कि वास्तव में यह समय कांग्रेसियों के आत्म मंथन, चिंतन और एक नई दिशा में कदम बढ़ाने का है। उन्होंने कहा कि जब हम भारत की लोकतांत्रिक यात्रा की ओर देखते हैं, तो हमें यह स्वीकार करना होगा कि चुनौतियां गंभीर हैं, लेकिन हमारे हौसले उससे भी अधिक बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि आज जब सत्तारूढ़ सरकार की नीतियों-कार्यशैली पर सवाल उठते हैं, तो विपक्ष की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। कांग्रेस पार्टी का इतिहास संघर्ष और बलिदान का रहा है। पूर्व में हम न केवल स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत रहे हैं, अपितु आजादी के बाद देश के पुनर्निर्माण में भी हमारी केंद्रीय भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि आज जब लोकतांत्रिक संस्थानों को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं, तो हमारा कर्तव्य है कि हम संविधान की रक्षा करें और हर आवाज को मंच दें। इसके लिए कार्यकर्ताओं को एक जुटता के साथ गंभीर ईमानदारी से जुटना होगा। उन्होंने कहा कि देश की आत्मा उसकी विविधता में बसती है। हमें अपने धर्मनिरपेक्ष ढांचे को बचाने की जरूरत है। इस दौरान जिलाध्यक्ष सत्यपाल कटारिया, नगर अध्यक्ष रंजन मित्तल, पूर्व सांसद सईदुज्जमा, पूर्व मंत्री दीपक कुमार, उद्यमी जाकिर राणा, सलमान सईद समेत जनपद भर से वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई



मीरापुर, 06 जुलाई (बु.)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को कस्बें के स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती उत्साह के साथ मनाई। इस दौरान उनके चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे याद किया तथा उनकी स्मृति में वृक्षारोपण किया। सर्वप्रथम भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रखर वक्ता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान शिक्षाविद थे। भाजपा जिला प्रतिनिधि अभिषेक गर्ग ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जौलाई 1901 को हुआ था। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र माता के लिए समर्पित किया था। बंगाल के अकाल के दौरान उनकी सेवाएं पूरा देश स्मरण करता है। उनका जीवन भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहा। वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र रस्तौगी ने कहा कि भारत के संविधान में नेहरू सरकार ने कश्मीर को 370 धारा के माध्यम से अलग स्टेटस देने का प्रयास किया और परमिट-सिस्टम जम्मू कश्मीर के लिए लागू किया, तो उसके विरोध में सबसे पहले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही आवाज उठायी थी। उन्होंने उस समय एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा दिया था। भाजपा नेता अमरजीत प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करके कश्मीर को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार किया है, आज जम्मू कश्मीर तेजी के साथ विकास कर रहा है, जो डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संकल्पों की विजय है। पूर्व सभासद दिनेश सैनी ने कहा कि औद्योगीकरण की नींव को आजाद भारत में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने प्रारंभ किया था और आज उसका एक बहुत ही वृहद स्वरूप देश में देखने को मिल रहा है। भाजपा उपाध्यक्ष असीम शर्मा ने कहा कि आज का भारत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने वाला भारत है। इस दौरान मुख्यरूप राजेन्द्र रस्तौगी, सचिन ठाकुर, अभिषेक गर्ग, अमरजीत सिंह, असीम शर्मा, दिनेश सैनी, वरुण कपासिया, अंकित तितोरिया, ओमप्रकाश, जसपाल सिंह आदि भाजपाई मौजूद रहे।





## नगर में पालिका लगायेगी 10 हजार पेड़: मीनाक्षी स्वरूप

### - पालिका का कंपनी बाग से शुरू होगा वृक्षारोपण अभियान
### - भोपा रोड पर 250 पेड़ लगा रही पालिका, किया पौधारोपण

मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)। नगरीय क्षेत्र को ग्रीन एंड क्लीन करने की दिशा में शुरू अभियान के बीच नगरपालिका परिषद् हरित संकल्प को धरातल पर लाते हुए वृक्षारोपण अभियान के तहत 10 हजार पेड़-पौधों का रोपण करने जा रही है। इसके चलते चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पर्यावरण संरक्षण नीति के तहत सभी 55 वार्डों में चिन्हित 24 स्थानों पर वृक्षारोपण की पूरी कार्ययोजना तैयार करते हुए वार्ड सभासदों व पालिका अधिकारियों के साथ मिलकर पौधारोपण करने के निर्देश दिए हैं। वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत नौ जुलाई को कम्पनी बाग से की जायेगी। वृक्षारोपण में नगरीय निकायों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रविवार शाम सभी निकायों के अध्यक्षों व अफसरों के साथ में वर्चुअल मीटिंग करते हुए नौ जुलाई से आरंभ हो रहे वृक्षारोपण अभियान के सफल क्रियान्वयन के निर्देश दिये। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने भी बोर्ड सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ टाउनहाल स्थित कार्यालय में इस मीटिंग में प्रतिभाग किया और मुख्यमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए सभी को एक पेड़ मां के नाम लगाने का संकल्प भी दिलाया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान में पालिका को शहरी क्षेत्र में 9,932 पेड़ लगाने का लक्ष्य आवंटित हुआ है। इसके लिए पौधे प्राप्त हो चुके हैं और पालिका ने इनका रोपण करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाकर 24 स्थान चिन्हित किए हैं। नौ जुलाई को वृक्षारोपण के लिए कंपनी बाग से पर्यावरण संरक्षण का वृहद अभियान शुरू होगा, हमारा प्रयास लक्ष्य से कई गुना अधिक पेड़ शहर में लगाने का रहेगा। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने भोपा रोड स्थित विश्वकर्मा चौक डिवाइडर पर चल रहे वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण करते हुए स्वयं अपने हाथों से भी पौधारोपण कर पालिका की शहर के लिए हरित संकल्प की मुहिम में सहभागिता का प्रेरणादायी संदेश देने का काम किया। पालिका ने विश्वकर्मा चौक से दिल्ली-देहरादून हाईवे बाईपास तक बने डिवाइडर पर 250 पौधे लगाए जा रहे हैं, जो न सिर्फ शहर की सुंदरता बढ़ाएंगे बल्कि प्रदूषण को भी कम करेंगे। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति एक पेड़ जरूर लगाए और पर्यावरण को बचाने में अपना योगदान दें। इस दौरान सभासद कुसुमलता पाल, ममता बालियान, रितु त्यागी, बॉबी सिंह, मनोज वर्मा, देवेश कौशिक, नवनीत गुप्ता, शौकत अंसारी, प्रशांत गौतम, अमित पटपटिया, रजत धीमान, योगेश मित्तल, नौशाद पहलवान, अन्नू कुरैशी, रविकांत, शहजाद चीकू, विजय चिंटू, हसीब राणा, शोभित गुप्ता, सलेक चंद के साथ ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, एनएसए डॉ. अजय प्रताप शाही, आईटी प्रियेश कुमार मौजूद रहे।

## भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन




मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बुस.)। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय गांधी नगर पर श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर नई मंडी मंडल द्वारा एक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नई मंडी मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा ने व संचालन मंडल महामंत्री हरीश गुप्ता, आदेश गौतम द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार सहरावत रहे, नगर पालिका परिषद की चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप रही। श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 06 जुलाई 1901 में कोलकाता में हुआ था। उनके पिता का नाम आशुतोष मुखर्जी व माता का नाम देवी मुखर्जी था। श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी। आपने कोलकाता में इंग्लैंड में शिक्षा ग्रहण की आप विश्व में सबसे कम उम्र के कोलकाता विश्वविद्यालय की कुलपति बनाए गए। आपने हिंदुत्व के लिए बड़े-बड़े आंदोलन किए। आपका अंतिम समय (मृत्यु) जम्मू कश्मीर कारावास में 23 जून 1953 को हुआ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर अनेकों प्रसंग सुनाए एवं कहा कि आज अगर भारत देश मजबूत हैं, तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी के त्याग से है। संगोष्ठी कार्यक्रम में मंडल प्रभारी अमिता चौधरी, शरद शर्मा, संजय सक्सेना, आशुतोष शर्मा, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष पंकज माहेश्वरी, ममता अग्रवाल, सीमा, आदेश गौतम, प्रवीण शर्मा, महेशो चौधरी, रोशनी पांचाल, निकिता चौधरी, गीता जैन, रीतू त्यागी, ममता बालियान, नवनीत गुप्ता, अमित पटपतिया, प्रीति कुकरेजा, नीरज गौतम, विकास गुप्ता, पवन अरोरा, डॉ. देवेंद्र शर्मा, संजय अग्रवाल, उत्तम शर्मा, श्याम रहेजा, विशाल गर्ग, घनश्याम भगत, प्रेमी छाबड़ा, राजेश पाराशर, जितेंद्र बाल्मीकि, अमर सोनकर, पंकज अपवेजा, दिनेश पुंडीर, सतीश कुकरेजा, विनय घई, देवेश कौशिक, शोभित गुप्ता, अंजनी शर्मा, योगेश कुमार, अभिजीत गम्भीर, अनिल शर्मा, पुरोहित ऊंटवाल, संजीव अरोड़ा, हर्ष साहनी, हर्षवर्धन बंसल, योगेश चौधरी, संजीव चौधरी, मोहम्मद सलीम, प्रमोद मित्तल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सोरम मण्डल के गोयला में भाजपा की बैठक आयोजित

### - भाजपा जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व विधायक उमेश मलिक, भाजपा नेता श्री मोहन तायल रहे मुख्य अतिथि



शाहपुर, 06 जुलाई (बु.)। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिवस पर सोरम मण्डल की बैठक गोयला के आरपीएस स्कूल में हुई बैठक में मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, पूर्व विधायक उमेश मलिक, भाजपा नेता श्रीमोहन तायल, मंडल प्रभारी डॉ. कुलदीप त्यागी, मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा, पूर्व अध्यक्ष डॉ. सतीश सैनी, पूर्व अध्यक्ष सुधीर भसाना, कार्यकम संयोजक अनुज बालियान, सभी मण्डल टीम शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष सहित सभी मण्डल कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अध्यक्षता सुरेश पाल व संचालन सुधीर सैनी ने किया। बैठक को उमेश मलिक, सुधीर सैनी, श्रीमोहन तायल, डॉ. कुलदीप त्यागी ने सम्बोधित किया। सभी वक्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन परिचय ओर कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। बैठक के बाद भाजपा नेताओं ने वृक्षारोपण भी किया।

## दलाई लामा जी का 90वां जन्मोत्सव करुणा वर्ष



मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बुस.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इन्द्रेश जी के मार्गदर्शन, भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री पंकज गोयल के दिशा-निर्देशन एवं राष्ट्रीय महामंत्री कपिल त्यागी के सान्निध्य में चलने वाले संगठन भारत-तिब्बत सहयोग मंच द्वारा परमपावन दलाई लामा का 90वां जन्मदिवस भारत वर्ष के सभी जिलों में "करुणा वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बौद्ध धर्मगुरु परमपावन दलाई लामा के 90वें जन्मोत्सव को मुजफ्फरनगर जिला भी 'करुणा वर्ष' के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर भारत तिब्बत सहयोग मंच-मुजफ्फरनगर की मुख्य एवं युवा इकाई द्वारा साईं शिव मंदिर के प्रांगण में एक वृक्ष 'सिंदूर' का रोपित किया गया। स्वशिक्षा को आधार बनाकर यहाँ पढ़ने वाले सभी 110 छात्र-छात्रों को इस पावन अवसर पर हर-हर महादेव के जयकारे के साथ मिष्ठान एवं लेखन सामग्री का वितरण किया गया। सीए अश्विनी कुमार वर्मा-जिला मंत्री ने मंच के प्रति लोगों में जन चेतना के लिए श्रावण मास में कैलाश मानसरोवर स्थित अराध्य देव भगवान शिव के स्थान को विस्तारवादी दुष्ट चीन से मुक्ति हेतु 'संकल्प' लेने का आह्वान किया। जिला महामंत्री विष्णु स्वरुप अग्रवाल ने बताया कि इस क्रम में मुजफ्फरनगर में "करुणा वर्ष" में कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। बेबी आरोही सिंह ने दलाई लामा की अब तक की जीवन यात्रा पर भाव पूर्ण प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंच के विष्णु स्वरुप अग्रवाल-जिला महामंत्री, अतिन संगल-युवा जिलाध्यक्ष, अभिषेक वर्मा-युवा जिला महामंत्री, अवनीश गोयल, एड. संदीप दास-प्रांत संयोजक प्रकृति संरक्षण प्रकोष्ठ, हरीश उपाध्याय, बेबी आरोही सिंह, मयंक त्यागी ठेकेदार, प्रवीण शर्मा, पुरोहित राजेश शर्मा, शिक्षिका-छाया, स्नेहा, वंशिका, नैना, गिरिजा आदि उपस्थित रहे ' हर-हर महादेव के जयघोष के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।







## खत्री वैवाहिक ग्रुप द्वारा सम्मान समारोह आयोजित

मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बुस.)। खत्री वैवाहिक ग्रुप द्वारा आज प्रथम सभा के साथ ही सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय अनेजा द्वारा ग्रुप के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया व बताया गया कि ग्रुप का गठन वर्ष 2022 में किया गया था, जिसका उद्देश्य विवाह योग्य युवक-युवतियों के नि:शुल्क परिचय देना था। इस ग्रुप के माध्यम से अब तक तक 256 रिश्ते हो चुके हैं व खत्री दर्पण पत्रिका का प्रकाशन भी हो चुका है। सहारनपुर मंडल खत्री सभा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश खत्री सभा व गाजियाबाद मंडल खत्री सभा के सहयोग से यह ग्रुप लगातार उन्नति कर रहा है। भीषण गर्मी में लगातार लगभग 02 माह तक ठंडे पानी की व्यवस्था अपने प्रतिष्ठानों पर करने के कारण आज नीरज अरोरा, आशु अरोरा, पंकज बत्रा, अमित पटपटिया व आशु बत्रा शामली को भी सम्मानित किया गया। ग्रुप को विशेष सहयोग देने पर आरव अरोरा को भी सम्मानित किया गया। ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. कुनाल अरोरा द्वारा भी सभी को शुभकामनायें दी गई। मुख्य संरक्षक विपिन अरोरा व संरक्षक पुष्पेन्द्र सिंह अरोरा द्वारा ग्रुप की अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। अंत में मंत्री देवेन्द्र सेठ द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया। कार्यक्रम में आनंद गोपाल कपूर, सतीश अनेजा, अतुल अरोरा, सुशील कपूर, शिव कुमार अरोरा, रमा अरोरा, अल्पना सेठ, मीना अनेजा, सविता अरोरा, वीना अनेजा, जूही अनेजा, रुद्राक्ष अरोरा व शामली से इंदु बत्रा व सोनिया बत्रा आदि की उपस्थिति रही।

## शाहपुर में ताजिये करबला में दफन, मोहर्रम पर खूनी मातम



शाहपुर, 06 जुलाई (बु.)। कस्बे में मुहर्रम की दसवीं तारीख पर शिया सोगवारों ने मुहर्रम का जुलूस निकाला। मुहर्रम का जुलूस इमामबाड़े से शुरू होकर मौहल्ला तेलियान, नूरबाफान, कस्सावान, मैन बाजार से होता हुआ मौहल्ला सैनियान व गढ़ी वाली मस्जिद तक पंहुचा तथा वहीं से मेन बाजार, मौहल्ला दरबार होता हुआ करबला पंहुचा, जहां पर ताजिये दफन करने के बाद शिया सोगवार फूट-फूट कर रोये। जलूस के दौरान शिया सोगवार मातमपुर्सी करते हुए हजरत हुसैन को याद कर रहे थे। जुलूस में सावेज आरफी आदि ने नौहाख्वानी की। जुलूस के मौहल्ला दरबार में पहुंचने पर मौलाना दानिश गरबी ने इंसानियत व भाईचारे का पैगाम देते हुए हजरत इमाम हुसैन के मकसद को बयान फरमाया। अली अब्बास में नजराने अकीदत पेश किया। इस दौरान सरताज हुसैन, जमाल अब्बास, अमानत अली, मौहम्मद वसी, खुर्शीद अली, अली अब्बास आदि सैकड़ों शिया समुदाय के लोग मौजूद रहे। नगर पंचायत चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी ने सफाई व पेयजल के लिए विशेष रूप से व्यवस्था कराई। मातमी जुलूस के दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

## गमगीन माहौल में ताजिये करबला में दफन हुए

### - मोहर्रम की 10 तारीख में इमाम हुसैन की याद में शिया सोगवारों ने मातम कर जुलूस के साथ ताजियों को कर्बला में दफन किया



मीरापुर, 06 जुलाई (बु.)। मोहर्रम की 10 तारीख को शिया सोगवारों ने इमाम हुसैन,उनके परिवार व 72 शहीदों की याद में निकाले गए मातमी जुलूस में जमकर मातम किया। शिया सोगवार इमाम हुसैन को याद कर जार-जार रोये तथा मीरापुर व कैथोड़ा से मातमी जुलूस मीरापुर पहुँचा। यहाँ से गमगीन माहौल में ताजियों को कर्बला पहुँचकर दफन किया। रविवार को मोहर्रम की 10 तारीख में शिया सोगवारों का मातमी जुलूस मीरापुर के पंचदरा इमामबारगाह व कैथोड़ा के बड़ा इमामबारगाह से शुरू हुआ। दोनों मातमी जुलूस मीरापुर के मेन बाजार में एकत्र हुए तथा यहाँ शिया सोगवारों ने इमाम हुसैन की याद में जमकर खूनी मातम किया। मातमी जुलूस में शिया सोगवारों ने रोते हुए इमाम हुसैन व उनके पूरे परिवार की शहादत को याद किया। जुलूस में नोहाख्वानी व मर्सियाख्वानी करते हुए शिया सोगवारों ने कहा कि इमाम हुसैन ने इंसानियत की हिफाजत के लिए यजीद के सामने सिर नही झुकाया तथा सितमकरों के आगे न झुकते हुए अपने पूरे परिवार के साथ कुर्बानी दे दी। मीरापुर का मातमी जुलूस पंचदरा इमामबारगाह से शुरू होकर जामा मस्जिद,सरायगेट से होता हुआ मेन चौराहे पर पहुँचा तथा कैथोड़ा का जुलूस बड़े इमामबारगाह से शुरू होकर थावर वाली मस्जिद, सर्राफा बाजार से होता हुआ मीरापुर के मेन चौराहे पर पहुँचा तथा यहाँ मीरापुर व कैथोड़ा के शिया सोगवारों ने मिलकर जमकर जंजीरों से खूनी मातम कर इमाम हुसैन को याद किया। इसके बाद ताजियों को गमगीन माहौल में कर्बला में दफन किया। इस दौरान मातम करने वालों में मुख्यरूप से, एडवोकेट हैदर मेहंदी जैदी, कमर अब्बास जैदी,नजीर हैदर, सज्जाद हैदर, एजाज हैदर, शाहीन रजा, शबी हैदर, मजहर अब्बास नकवी, बाबर जैदी, बिल्लु जैदी, मौहम्मद हुसैन, वसीम हैदर, अली जामिन जैदी, हसन जाफर, मशरूर इकबाल, शाहीन रजा, शमीम हैदर, मीसम जैदी, मशरुर इकबाल, गजनफर अली आदि शामिल रहे। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा समेत भारी पुलिसबल तैनात रहा।



## श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ के बीए-एलएलबी पाठयक्रम के सप्तम सेमेस्टर में छात्राओं का रहा बोलबाला

मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बुस.)। श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ के बीए-एलएलबी पाठयक्रम के सप्तम सेमेस्टर में इस वर्ष छात्र/छात्राओं का बोलबाला रहा। सप्तम सेमेस्टर में बांसुरी ने 69 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व हिमानी पाल, 67.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व निसिका कश्यप 66.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता के लिये आशीर्वाद प्रदान किया। श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ की प्राचार्या डॉ. पूनम शर्मा ने छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संजीव कुमार, सोनिया गौड़, रितु धीमान, आक्षी कश्यप, विनय तिवारी, प्रीती व त्रिलोक ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

**शेष : नगर की सड़कों ...**

हाय प्यास की गूंज के साथ गढ़ी गोरवान तक का सफर तय किया। जुलूस में मंजर अब्बास जैदी, कैसर हुसैन, नुसरत हुसैन, हसन नवाज, हसन जैदी, रौनक जैदी, लारेब जैदी, मौहम्मद अली, शादाब जैदी समेत सैकड़ों की संख्या में इस बीच अजादार मातमी जुलूस में शामिल रहे।

### रामगगढ़ में अवैध कोयला खदान धंसने से 4 की मौत

रामगढ, 06 जुलाई (एजेंसी)। झारखंड के रामगढ़ जिले के कुज्जू ओपी क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल कर्मा परियोजना के महुआ टुंगरी के पास एक अवैध कोयला खदान में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। सुबह करीब 6 बजे खदान का चाल धंस गया, जिसमें चार ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार से अधिक लोग घायल हो गए हैं। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# नगर की सड़कों पर सीनाजनी कर जार-जार रोये शिया सोगवार से जुड़ी झलकियां....



मौहर्रम जुलूस के दौरान हनुमान चौक पर कपड़े से ढके गए मंदिर



मौहब्बत का नजारा : एक तरफ कांवड़ तो दूसरी ओर मोहर्रम



# कांवड़ियों की सुरक्षा के लिये पुलिस का क्या होगा प्लान? जानिये क्या हैं वो सात बिंदु जिन पर हुआ काम तो सब रहेगा सही? विशेष

**मुजफ्फरनगर, 6 जुलाई (बु.)।** कांवड़ यात्रा को हिंदू समुदाय एक पर्व की तरह मनाता है। हरिद्वार से शिव भक्त गंगाजल लेकर अपने-अपने स्थानों पर आते हैं और उससे शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है।

ऐसे में प्रशासन अपनी तरफ से पूरी कोशिश करता है कि इस दौरान कांवड़ियों को किसी तरह की दिक्कत का सामना ना करना पड़े, लेकिन कुछ कट्टरवादी सोच के संगठन हिंदू धर्म के इस पर्व में अशांति फैलाने की पूरी कोशिश करते हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर कांवड़ियों को रोकने या इस यात्रा को अपवित्र करने की साजिश होती है, तो हमारा प्रशासन किस तरह से तैयार रहेगा? क्योंकि जब भी प्रशासन इस विषय पर बड़ा फैसला लेने की कोशिश करता है, तो इस मामले में उन संगठनों और उनका समर्थन करने वाले राजनीति दलों को मिर्ची लगती है, जो अक्सर थूक जिहाद, धर्म जिहाद, लव जिहाद पर चुप्पी साधे रहते हैं। इस पूरे मामले पर आज के समय में सनातन को मानने वाले लोगों गहन चिंतन करना होगा।

### वो 7 बिंदु जिन पर प्रशासन को देना होगा ध्यान

- हैलिकॉप्टर से 24 घंटे रखनी होगी निगरानी
- उन क्षेत्रों को करना होगा सैनेटाइज जहां दूसरे समुदायों की संख्या है ज्यादा।
- पिछले 10 सालों में कांवड़ यात्रा को रोकने या बाधा पहुंचाने की कोशिश की गई उन क्षेत्रों में धारा 144 लागू करने के देने होंगे आदेश।
- प्रशासन को छोटे-छोटे और सुनसान मार्गो पर भी पैनी नजर रखनी होगी।
- प्रशासन को अतिरिक्त पुलिसबल और कुछ स्थानों पर सीआरपीएफ की करनी होगी तैनाती।
- जिन मार्गो पर वो क्षेत्र जहां पर दूसरे समुदाय के लोगों के नाम हमले की गतिविधियों में आते रहे हैं, उनको पुलिस की निगरानी में रखा जाये, तब तक-जब तक कांवड़ चल रही हैं।
- दूसरे समुदाय के धर्मगुरूओं, जो भड़काऊ भाषण देकर माहौल को खराब करने की कोशिश करते हैं, उन्हें कुछ समय के लिए हाउस अरेस्ट कर देना चाहिये।

### एक भी मुस्लिम धर्म गुरू ने नहीं की आलोचना

**मुजफ्फरनगर।** गत 28 जून को बघरा स्थित योग साधना यशवीर आश्रम के महंत स्वामी यशवीर और उनके समर्थकों ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर पहचान उजागर अभियान चलाया था। होटल एवं ढाबों पर भगवा झंडे तथा भगवान वराह के चित्र लगवाए थे। इसी दौरान नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे के बाईपास स्थित पंडित जी शुद्ध वैष्णो भोजनालय के संचालक का नाम सनव्वर बताया गया था। यहां पर दो क्यूआर कोड लगे थे, जिनमें एक हिंदू महिला और दूसरा मुस्लिम महिला के नाम से था। अब इस मामले में धर्म गलत बताकर होटल खोल कर किस साजिश को रचने का प्रयास किया जा रहा था, यह सोचने वाली बात है और हैरानी की बात यह है कि अभी तक सिर्फ एक पक्ष पर आरोप लगाये जा रहे हैं, लेकिन जिन्होंने धर्म बदलकर यह सब किया, उन पर ना कोई सवाल और ना ही कोई कार्रवाई और तो और किसी मुस्लिम धर्मगुरू का बयान तक सामने नहीं आया है।

### पुलिस ने होटल संचालकों को जारी किए नोटिस

**मुजफ्फरनगर।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर नगर व आसपास के क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बड़ौत पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। विशेष रूप से कांवड़ मार्ग पर और नगर क्षेत्र में स्थित होटलों व गेस्ट हाउसों की जांच की गई।

इस दौरान कुछ होटलों में संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतों के आधार पर पुलिस ने सख्ती दिखाई और संचालकों को नोटिस थमाए। पुलिस ने चेतावनी दी कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में चलाए गए। इस अभियान में कई होटलों की बारीकी से जांच की गई। पुलिस ने होटल मालिकों से आवश्यक दस्तावेज भी मांगे और आगंतुकों का सत्यापन करने के निर्देश दिए।

### कांवड़ के पीछे की यह है मान्यता

**मुजफ्फरनगर।** हिन्दू धर्म में प्रचलित मान्यताओं के अनुसार सर्वप्रथम भगवान परशुराम ने कांवड़ यात्रा का शुभारंभ किया था। उन्होंने सर्वप्रथम कांवड़ में जल भरकर पुरा महादेव का गंगाजल से जलाभिषेक किया था। कुछ विद्वानों का मानना है कि श्रवण कुमार सबसे पहले कांवड़ यात्री थे, उन्होंने त्रेतायुग में माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर पैदल तीर्थ यात्रा की थी। जब श्रवण कुमार अपने माता पिता को तीर्थ यात्रा करा रहे थे, तब उनके अंधे माता-पिता ने हरिद्वार में गंगास्नान करने की इच्छा जताई। माता पिता की इस इच्छा को पूरी करने के बाद श्रवण कुमार लौटते समय अपने साथ गंगाजल ले गए, और भगवान शिव का अभिषेक किया था, यहीं से कावड़ यात्रा की शुरूआत मानी जाती है। माना जाता है कि प्रभु श्रीराम ने भी कांवड़ यात्रा की थी, उन्होंने अपनी कावड़ में सुल्तानगंज से जल भरा था और बाबाधाम में भगवान शिव का जलाभिषेक किया था। रावण भी महान शिवभक्त था। उसने भी कांवड़ में जल भरकर पुरा महादेव का अभिषेक किया था।

### डीआईजी ने की समीक्षा बैठक

**मुजफ्फरनगर।** डीआईजी आरपी सिंह ने बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान श्रावण माह में मास खासकर, कांवड़ियों की आवाजाही, उनके रूट और कांवड़ जलभराव वाले स्थलों पर कड़ी सुरक्षा, समुचित प्रकाश व्यवस्था का निर्देश दिया गया। वहीं, डकैती, लूट, फिरौती के लिए अपहरण, सनसनीखेज हत्या, महिलाओं-बच्चियों के साथ होने वाली घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के निर्देश दिए गए। श्रावणी मेले, कांवड़ यात्रा और मुहर्रम पर्व पर शांति व्यवस्था में किसी तरह का खलल न पड़ने पाए, इसके लिए मोबाइल दस्ते को लगातार सक्रिय रखने, अराजक तत्वों को चिन्हित कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### 2023-24 का रिकार्ड टूटने के हैं आसार

**मुजफ्फरनगर।** एक जानकारी के अनुसार कांवड़ यात्रा 2023 में 4.5 करोड़ कांवड़िए हरिद्वार पहुंचे थे। जबकि 2024 में यह आंकड़ा 4 करोड़ के लगभग रहा था, लेकिन अगर इस बार प्रशासन की मानें तो जो संख्या अभी से देखी जा रही है, उसको देखते हुए यह आंकड़ा 5 करोड़ से ज्यादा हो सकता है। ऐसे में प्रशासन को अतिरिक्त चौकन्ना रहना होगा।

### नोएडा में कांवड़ यात्रियों को लेकर पुलिस अलर्ट

**मुजफ्फरनगर।** नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा व यातायात के संचालन के लिए तैयारी शुरू कर दी है। डायवर्जन प्लान के संबंध में रूट का निरीक्षण भी किया जा रहा है।

### नेम प्लेट लगाने में आखिर क्या है दिक्कत

**मुजफ्फरनगर।** इस समय जब से यह आदेश जारी हुआ है कि दुकानदारों को कांवड़ मार्गों पर नेम प्लेट लगानी होगी, तब से बवाल सा मचा हुआ है। सीधे तौर पर देखा जाये तो कुछ राजनीतिक दल कुछ वोटों के लिये मामले को प्रशासन के खिलाफ करने की कोशिश में लगे हुए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि अगर आपके मन में चोर नहीं है, तो आखिर नेम प्लेट लगाने में दिक्कत क्या है? कांवड़ मार्ग में पड़ने वाले होटलों के बाहर वहां काम करने वालों के नेम प्लेट लगाने के विवाद के बाद अब उत्तराखंड सरकार का हरिद्वार में उठाया गया कदम चर्चा में है।

### उत्तर प्रदेश प्रशासन ने इन सुविधाओं के दिये हैं आदेश



**मुजफ्फरनगर।** कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए 150 पेयजल टैंकर, 30 एम्बुलेंस, 20 मेडिकल कैंप और 250 चिकित्सक नियुक्त किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, 180 बेड भी आरक्षित रहेंगे। स्वच्छता के लिए 50 शौचालय और डस्टबिन की व्यवस्था की जा रही है।

### बिक्रम सिंह मजीठिया को दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत में

**मोहाली ,6 जुलाई (वार्ता)** आय से अधिक संपत्ति (डीए) मामले में गिरफ्तार शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को आज भारी सुरक्षा के बीच मोहाली जिले की एक अदालत में पेश किया गया। मजीठिया को उनकी चार दिन की रिमांड खत्म होने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्हें 19 जुलाई तक नई नाभा जेल में रखने का आदेश दिया गया है। सतर्कता विभाग (वीबी) ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एक मामले में मजीठिया को 25 जून को अमृतसर स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया था। मजीठिया पर कथित तौर पर 540 करोड़ रुपये की ''ड्रग मनी'' का आरोप है। यह मामला पंजाब पुलिस की विशेष जांच टीम द्वारा 2021 के ड्रग मामले की जांच से जुड़ा है। 2021 में मजीठिया पर एंटी-ड्रग स्पेशल टास्क फोर्स की 2018 की रिपोर्ट के आधार पर नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। अगले दिन उन्हें मोहाली लाया गया। अदालत ने पहले उन्हें सात दिन की विजिलेंस रिमांड पर भेजा था, जिसे बाद में चार दिन के लिए बढ़ा दिया गया था।

### घर में आग लगने से तीन लोगों की मौत, एक घायल

**मनीला, 6 जुलाई (वार्ता)** फिलीपींस के पूर्वी रिजाल प्रांत के सैन माटेओ शहर में रविवार तड़के दो मंजिला इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य झुलस गया। अग्निशमन सुरक्षा ब्यूरो ने यह जानकारी दी है। ब्यूरो के अनुसार, आग स्थानीय समयानुसार तड़के दो बजे लगी और इसकी चपेट में आकर एक बजुर्ग महिला, उसकी बेटी और दामाद की मौत हो गई। ब्यूरो ने कहा कि गृह स्वामी जलते हुए घर से बाहर कूद गया । आग की चपेट में आकर वह झुलस गए और शरीर पर जलने के निशान भी हैं।

### कुंद-कुंद जैन एजूकेशन एसोसिएशन के प्रबंध समिति चुनाव पर हाईकोर्ट की रोक

**खतौली, 6 जुलाई (बु.)।** श्री कुंद-कुंद जैन एजूकेशन एसोसिएशन खतौली की प्रबंध समिति के होने वाले चुनाव पर हाईकोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने से चुनावी प्रक्रिया पर विराम लग गया है। मिली जानकारी के अनुसार श्री कुंद कुंद जैन एजूकेशन एसोसिएशन के होने वाले प्रबंध समिति चुनाव की सदस्यता सूची को लेकर विपक्षी गुट लगातार आरोप लगाते हुए एक रिट याचिका दाखिल की गयी थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायधीश द्वारा गत् दिवस चुनाव कार्यक्रम पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। इस याचिका को लेकर न्यायालय ने सुनवाई के लिए 21 अगस्त 2025 की तिथि नियत की है। न्यायालय द्वारा सभी पक्षों को नोटिस जारी किये गए हैं।

# उपजिलाधिकारी सदर ने तोड़ी खनन माफियाओं की कमर, मारा छापा

**भोपा रोड से पकड़े अवैध खनन में आधा दर्जन वाहन सीज**

**मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)।** जनपद में अवैध खनन की बढ़ रही प्रवृति के बीच डीएम के निर्देश पर शुरू अभियान के बीच रविवार को एसडीएम सदर निकिता शर्मा के नेतृत्व में बड़ा अभियान चलाया गया। अफसरों की सख्ती के बीच शुरू की गई इस कार्रवाई में सदर तहसील क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना मिलते पर एसडीएम सदर ने इस बीच नायब तहसीलदार की ओर से की गई छापेमारी में आधा दर्जन ट्रैक्टर मय ट्राली के पकड़ने के साथ कड़ी कार्रवाई की। एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने बताया कि सदर तहसील स्तर पर मिली जानकारी के आधार पर आज प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नायब तहसीलदारों द्वारा भोपा रोड पर अवैध मिट्टी खनन में लिप्त छह ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़कर सीज किया। उन्होंने बताया कि अग्रिम कार्यवाही के लिए इन सीज किए वाहनों को स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिए गए हैं, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके। एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से खनन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने ऐसे में इस कारोबार में लिप्त लोगों को सुधर जाने की नसीहत देते हुए व्यवस्था में सहयोग किए जाने का आह्वान किया।







### सनातन महाकुंभ में बागेश्वर धाम वाले बाबा ने कहा- हमारे धर्म पर घात हुआ तो हमलोग प्रतिघात करेंगे

**पटना, 06 जुलाई (एजेंसी)।** भगवान परशुराम जन्म महोत्सव के समापन अवसर पर आज पटना के गांधी मैदान में पहली बार सनातन महाकुंभ की शुभारंभ हो चुका है। हनुमान चालीसा और परशुराम चालीसा की पाठ से कार्यक्रम की शुरूआत हो चुकी है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और डिप्टी सीएम विजय सिन्हा भी कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। बाबा बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री भी पहुंच चुके हैं। उन्होंने प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाए। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र होगा तो पहला हिंदू राज्य बिहार होगा, बहुत सारी ताकतें गजवा ए हिंद बनाना चाहती हैं। हमारे धर्म पर घात हुआ तो हमलोग प्रतिघात करेंगे। हमारा सपना भगवा ए हिंद है। हमें मुस्लमानों और ईसाईयों से दिक्कत नहीं। बिहार चुनाव के बाद राज्य में पद यात्रा करूंगा। बाबा बागेश्वर ने कहा कि महाकुंभ की महायात्रा में मैं आया हूं। बिहार से मेरा आत्मीय नाता है। बिहार का कर्जा हम जीवनभर नहीं भुला सकते हैं। इस बिहार की भूमि को हम प्रणाम करते हैं। बिहार अदभुत है। बिहार में हम राजनीति नहीं राम नीति के चक्कर में आए हैं। हम लोगों से अपील करते हैं कि आपलोग काष्टवाद से उठकर राष्ट्रवाद के प्रति समर्पित हो। सनातन खतरे में नहीं सॉफ्ट टारगेट पर जरूर है। जगतगुरु श्री स्वरूपानंदेन्द्र सरस्वती जी (विशाखा शारदा पीठ) पटना पहुंच चुके हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने खुद उनका स्वागत किया।

# बुजुर्ग को सर्राफ ने ठगा, एक लाख का थमा दिया नकली सोना, बेटी की शादी के लिए लेने गया था बुजुर्ग जेवरात

**चरथावल, 06 जुलाई (बु.)।** थाना क्षेत्र में एक घटना ने सनसनी फैला दी है, जिसमें एक सर्राफ ने एक बुजुर्ग को एक लाख रुपये का नकली सोना सोना थमा दिया। जैसे ही बुजुर्ग अपने घर पर ज्वेलरी को लेकर पहुंचा, तो उसके परिजनों के होश उड़ गए, क्योंकि जो सोने की ज्वेलरी थी वह नकली थी, जिस पर तुरंत ही बधाई कला निवासी बुजुर्ग व्यक्ति श्यामलाल सर्राफ की दुकान पर पहुंचा तो वह दुकान को बंद कर फरार हो गया। रविवार को चरथावल थाने पर पहुंचे पीड़ित श्याम लाल ने एक प्रार्थना-पत्र पुलिस को देते हुए बताया कि वह अपनी बेटी की शादी के लिए अपने गांव बधाई कलां निवासी अनुज वर्मा की दुकान पर ज्वेलरी लेने गया था, जिस पर उसके द्वारा 70000 रुपए नगद एवं 3 ग्राम सोना दिया गया, जिस पर उसे सर्राफ अनुज कुमार ने उसे एक नकली सोने की चेन एवं नकली सोने का मंगलसूत्र दे दिया, जिस पर वह अपने घर पहुंचा, तो उसने अपने परिवार को दोनों चीजों को दिखाया गया, जिस पर उसके परिवार ने बुजुर्ग को कहा कि वह दोनों चीजों पर मोहर लगवाकर लाए। जैसे ही वह अनुज वर्मा की दुकान पर पहुंचा, तो अनुज वर्मा ने उसे कहा कि कुछ दिन बाद वह मोहर लगा देगा, लेकिन अब अनुज वर्मा फरार हो गया है, जिस पर पीड़ित ने कहा कि जल्द ही उसे इंसाफ दिलाया जाए। चरथावल थाने पर पहुंचे पीड़ित श्याम लाल ने न्याय की गुहार लगाई है।



### रोडवेज परिचालक के बैग से नकदी चोरी

**खतौली, 6 जुलाई (बु.)।** रोडवेज बस परिचालक का डिपो के स्टाफ रूम से नोरों से भरा बैग चोरी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से खुर्जा निवासी प्रवीण रोडवेज डिपो में परिचालक पद पर तैनात है। बताया जाता है कि रात्रि में ड्यूटी समाप्त होने के बाद प्रवीण खतौली डिपो के स्टाफ रूम में रुक गया। प्रातः जब प्रवीण सोकर उठा, तो वहां से उसका बैग गायब था, जिससे हड़कम्प मच गया। प्रवीण के अनुसार बैग में दस हजार रुपये की नकदी सहित आवश्यक कागज थे। प्रवीण जब बैग चोरी की शिकायत करने के लिए कोतवाली पहुंचा तो पुलिस ने बताया कि एक बैग पुलिस को नगर के जानसठ तिराहे के निकट पड़ा मिला है। पुलिस द्वारा पहचान के लिए सड़क से मिला बैग जब प्रवीण को दिखाया गया तो अपने बैग को पहचानते हुए प्रवीण खुश हो गया, परन्तु जब प्रवीण ने बैग खोलकर देखा तो उसके होश उड़ गए। बैग में रखे रुपये गायब थे। परिचालक प्रवीण ने बैग से रुपये चोरी करने वाले चोर के खिलाफ शिकायत की मांग की। कोतवाली पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के माध्यम से चोर की तलाश में जुटी है।

# ससुरालियों ने गर्भवती महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**बुढ़ाना, 6 जुलाई (बु.)।** ससुरालियों ने किसी बात को लेकर नौ माह की गर्भवती महिला को लात मारकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। चिकित्सकों ने महिला को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मोहल्ला पुलपार निवासी जुनैद अहमद ने रविवार की सुबह अपने परिवार के सदस्यों नवाजिश, शायान और इमराना आदि के साथ मिलकर किसी बात को लेकर अपनी नौ महीने की गर्भवती पत्नी सायमा के पेट में लात मारकर और मारपीट करके घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता की मां केशर पत्नी अय्यूब ने मीडिया को बताया कि मेरी पुत्री सायमा के साथ उक्त लोगों ने मारपीट करके गंभीर रूप से घायल कर दिया है। मेरी बेटी नौ माह की प्रेग्नेंट है। उसके पेट में लात भी मारी गई है। पहले भी कई बार यह लोग मेरी पुत्री के साथ मारपीट कर चुके हैं। जिसकी हमने डॉक्टरी करवाई और कार्रवाई के लिए शिकायत भी की थी, लेकिन कोई कठोर कार्रवाई न होने से इनके हौसले बुलंद हो गए हैं। ये आए दिन उसकी पुत्री के साथ मारपीट करते रहते हैं। केशर ने बताया कि वह सभी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही चाहती है। उधर घायल महिला को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया गया है।



### एसएसपी कार्यालय पहुंचकर की कार्यवाही करने की मांग

**मुजफ्फरनगर, 6 जुलाई (बु.)।** एसएसपी कार्यालय पर पहुंचकर जानसठ थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी जूली उर्फ साक्षी ने बताया कि उसकी शादी 15 जुलाई 2024 को घासीपुरा थाना मंसूरूपुर में हुई थी। शादी से दो महीने पहले ही पिता करण सिंह की मौत हो गई थी। उसके ससुराल वालों ने उनसे शादी के दौरान बुलेट की डिमांड की थी। जमीन बेचकर उन्होंने बुलेट के साथ अपनी हैसियत से ज्यादा दहेज दिया था। बावजूद इसके पति व ससुराल वाले से दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। कार और दो लाख रुपये की डिमांड की जा रही थी। आरोप है कि जब उसने अपने घर पर आपबीती बताई तो शनिवार को ससुराल वालों ने उसे पानी में कोई जहरीला पदार्थ दे दिया। हालत बिगड़ने पर उसे बेगराजपुर मेडिकल में भर्ती कराया गया। पीड़िता के भाई ने बताया कि जब वह मेडिकल कालेज में पहुंचे, तो वहां उनके साथ अभद्रता की गई। पीड़ित परिवार ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# कहीं बारिश तो कहीं बूंदाबांदी से लोगों को मिली राहत

**मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)।** मौसम के बदले मिजाज के बीच रविवार को जिले में कहीं बारिश तो कहीं सूखे जैसे हालात जारी रहे। हालांकि नगर में सुबह से आसमान में बादल छाए रहने से पूर्व दिनों के मुकाबले गर्मी में थोड़ी कमी दिखाई दी, लेकिन दोपहर में शहर के कुछ हिस्सों में तेज बारिश होने से जहां क्षेत्र जलमग्न होने के साथ लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी से लोगों को मायूसी देखने को मिली। मौसम विभाग ने रविवार को जारी आंकड़ों में 2.6 एमएम बारिश के साथ अधिकतम पारा 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए जाने का दावा किया है।





मौसम में जारी बदलाव के बीच रविवार सुबह से आसमान में बादल छाए हुए रहने व दोपहर को करीब 1.30 बजे शहर के कच्ची सड़कसमेत आसपास के इलाकों के साथ नई मंडी, गांधी कॉलोनी एवं मालवीय चौक पर झमाझम बारिश हुई जबकि झांसी की रानी और शिवचौक क्षेत्र के साथ मेरठ रोड पर हल्की बारिश होने के साथ खालापार, रामलीला टिल्ला आदि क्षेत्रों के लोगों को इस बारिश से वंचित रहना पड़ा। हालांकि एक बड़े इलाके में इस बीच हुई बारिश से राहत मिली। यहां वहीं से राहत मिली। नगरीय क्षेत्र में बारिश के बाद शाम के वक्त धूप निकल जाने के कारण उमस से परेशान होते देखा गया। सोमवार को भी नगर क्षेत्र में अभी बारिश होने की संभावना कम जताई जा रही है।

# हिमाचल में कार खाई में गिरी, 4 मौतें : अब तक 82 की जान गई

**हिमाचलन प्रदेश, 06 जुलाई (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में मनाली-रोहतांग दर्रे के पास अल्टो कार सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई। घटना में 4 लोगों की मौत हुई है। एक व्यक्ति घायल है। राज्य में अब तक 82 लोगों की मौत बारिश से जुड़ी घटनाओं में हो चुकी है। 50 लोगों की जान लैंडस्लाइड-बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं में हुई। 32 लोगों की जान सड़क हादसों में हुई है। लैंडस्लाइड के कारण राज्य की 269 सड़कों पर यातायात बंद हैं। चंबा-मंडी जिले में आज बादल फटने की घटना में 5 पुल बह गए। मध्य प्रदेश के जबलपुर में बरगी बांध के 9 गेट खोले गए। नर्मदा नदी का जलस्तर 4-5 फीट और बढ़ने की संभावना है। शहडोल में रविवार रात से तेज बारिश जारी है। निचले इलाकों के 3 हजार घरों में पानी भर गया। जिला अस्पताल के कई वार्ड में भी 1 फीट तक पानी भरा। उमरिया में भी जोहिला डैम के खई गेट खोले गए। छत्तीसगढ़ के सरगुजा रीजन में 10 घंटे तक लगातार बारिश हुई। पूरे इलाके में कई फीट पानी भर गया। सड़क पर खड़े वाहन आधे पानी में डूब गए। ठल्ह 343 पर सामान से लदा ट्रक गागर नदी में गिर गया। यूपी के वाराणसी में गंगा उफान पर है। गंगा में हर घंटे 1 फीट पानी बढ़ रहा है। गंगा 62.62 मीटर पर बह रही है। खतरे का निशान 71.262 मीटर है। महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पानी में डूबा है, इसके कारण चिताएं छत पर जलाई जा रही हैं।

# बुढ़ाना क्षेत्र का मित्तल कोचिंग सेंटर पूरी तरह से है अनोखा

**छात्र-छात्राएं प्रतिवर्ष कुल एक रुपया फीस देकर कर रहे हैं शिक्षा ग्रहण**

**सैकड़ों गरीब स्टूडेंट सेंटर के ऑनर मयंक का जता रहे हैं दिल से आभार**

**बुढ़ाना, 6 जुलाई (बु.)।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां में स्थित मित्तल कोचिंग सेंटर के ऑनर मयंक मित्तल बुढ़ाना क्षेत्र के नौवीं और दसवीं कक्षा के डेढ़ सौ से भी अधिक छात्र-छात्राओं को हर साल कुल एक रुपये की फीस लेकर निःस्वार्थ जी जान से पढ़ाकर उनका भविष्य संवारने में लगे हैं, जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में जोरों-शोरों पर है। यही नहीं, इस सेंटर में पढ़ने वाले उन छात्र-छात्राओं से कोई भी फीस नहीं ली जा रही है, जिनके माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। यहां पर जाति-धर्म से भी ऊपर उठकर हर वर्ग के छात्र-छात्राओं को फ्री पढ़ाने का काम मयंक मित्तल के द्वारा रोजाना किया जा रहा है। इस बारे में जब मयंक मित्तल से बात की गयी, तो उन्होंने बताया कि मेरी माता अंजू मित्तल ओर पिता रमेश मित्तल ने मुझे ये संस्कार दिए हैं और कहा है कि हमेशा उन लोगों के साथ खड़े होना जिनका कोई सहारा नहीं है। जो बच्चे पैसे के अभाव में शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं, वे बच्चे शिक्षा से बिल्कुल भी वंचित नहीं रहने चाहिएं। वहीं आज रविवार को इन बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए एक कार्यक्रम बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव लुहसाना मे रखा गया, जिसमें मित्तल कोचिंग सेंटर के संस्थापक मिस्टर मयंक मित्तल और उनके द्वारा पढ़ाए जा रहे छात्र संदीप, देव मलिक और अन्य छात्र भी उपस्थित रहे। श्री मित्तल ने बताया कि कक्षा नौ और कक्षा दस के स्टूडेंट्स से वे पूरे साल की साइंस की फीस मात्र एक रुपया ही लेते हैं। मित्तल कोचिंग सेंटर विगत 7 वर्षो से गांव हुसैनपुर कलां और आस-पास के बच्चों को शिक्षा देने का काम कर रहा है। हमारे यहां बच्चों का रिजल्ट 95 प्रतिशत रहता है। गांव हुसैनपुर कलां मेरा गाँव ही नहीं मेरा परिवार भी है। आज मैं जो कुछ भी हूं वो अपने माता-पिता, भाई रजत मित्तल और बहन नेहा मित्तल की वजह से हूँ। कुल मिलाकर मित्तल कोचिंग सेंटर आजकल शिक्षा क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित कर रहा है, जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में जोरों-शोरों पर है।

# ताले तोड़कर 64 हजार रुपये नकद व जेवर चोरी

**जानसठ, 06 जुलाई (बु.)।** कस्बे में पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित काले गेट के सामने प्रेम विहार कॉलोनी में बंद मकान में ताला तोड़कर घुसे चोरों ने घर में रखी सेफ अलमारी के ताले तोड़ कर 64 हजार रुपये नकद व सोने व चांदी के जेवर चोरी कर लिए। पीड़ित परिवार ने लाखों रुपये का नुकसान होना बताया है। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल में जुट गई है। अंशुल पुत्र मथन सिंह निवासी गांव ढांसरी थाना ककरौली पिछले कई साल से कस्बे के पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित काले गेट के सामने प्रेम विहार कॉलोनी में घर बनाकर रहता है। अंशुल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को उसकी पत्नी दिल्ली अस्पताल में एडमिट अपने रिश्तेदार को देखने गई थी। शनिवार की शाम को वह अपने घर पर ताला लगाकर अपने गांव ढांसरी चला गया था। रविवार की सुबह वह अपने घर पर पहुंचा। घर पहुंचने पर उसने देखा कि उसके घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। कमरा खुला पड़ा था और अलमारी के लॉक भी टूटे थे। सामान भी इधर-उधर फैला हुआ था। उसने तहरीर में बताया कि अलमारी में रखी 64 हजार रुपये की नकदी, सोने व चांदी के जेवरात गायब है। अंशुल ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस जांच पड़ताल में पता चला कि अंशुल के मकान के पीछे बने ककरौली थाना क्षेत्र के गांव जटवाड़ा निवासी दीपक कुमार पुत्र लाल सिंह सैनी के मकान से भी अज्ञात चोर सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर चोरी कर ले गए हैं। वह अंशुल के घर के मेन गेट का ताला तोड़ कर घर में घुसे थे। पीड़ित ने लाखों रुपए का नुकसान होना बताया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस ने आसपास के घरों में सीसीटीवी कैमरे चेक किए हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में दो सहेली लापता

**भोपा, 6 जुलाई (बु.)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से दो संप्रदाय से जुड़ी सहेलियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। भोपा थाने पहुंचे परिजनों ने लापता हुई सहेलियों की बरामदगी की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि रविवार की अलसुबह उसकी पुत्री और हिंदू समुदाय की एक नाबालिग जो दोनो आपस में सहेलियों है संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। सुबह जब दोनों के परिजन सो कर उठे तो दोनों के लापता होने की जानकारी हुई, जिसके बाद दोनों सहेलियों को आसपास की रिश्तेदारियों में ढूंढा गया लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लग सकी। रविवार देर शाम भोपा थाने पर पहुंचे परिजनों ने तहरीर देकर लापता सहेलियों की बरामदगी की गुहार लगाई है। मामला गांव की दो संप्रदाय से जुड़ी सहेलियों से जुड़ा होने के कारण गांव में चचाओं का माहौल गर्म है। पुलिस दोनों सहेलियों की बरामदगी के प्रयास में जुट गई है।